# क्या हम अपनी सोच खुद गढ़ रहे हैं, या वह हमारे लिए गढ़ी जा रही है?

## डिजिटल दुनिया में, जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।



**विजया तिवारी : (Senior Forensic Examiner)**

स्क्रॉल करें। लाइक करें। शेयर करें। दोहराएँ।सिर्फ कुछ ही सेकंड में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नया फैशनट्रेंड शुरू कर सकता है, किसी स्किनकेयरप्रोडक्ट की सिफारिश कर सकता है या किसी वैश्विक मुद्दे पर बहस छेड़ सकता है। जो काम पहले टेलीविजन या अख़बारों के ज़रिए होता था, वह अब तुरंत Instagram, TikTok और YouTube जैसे प्लेटफॉर्म्स पर हो जाता है। लेकिन इन्फ्लुएंसर्स केवल उत्पादों का प्रचार नहीं कर रहे—वे यह भी तय कर रहे हैं कि हम कैसे सोचते हैं, क्या महत्व देते हैं और सफलता को किस रूप में देखते हैं।

**आम व्यक्ति से प्रभावशाली आवाज़ तक**

पारंपरिक सेलिब्रिटीज़ से अलग, सोशलइन्फ्लुएंसर्सअक्सर आम लोगों के रूप में शुरुआत करते हैं, जो अपने रोज़मर्रा के अनुभव साझा करते हैं। उनका कमरा स्टूडियो बन जाता है और उनका मोबाइल फोन प्रसारण का साधन। यही सादगी उन्हें भरोसेमंद और अपनापन भरा बनाती है। फॉलोअर्स केवल चमकदार पलों को नहीं, बल्कि दिनचर्या, पढ़ाई की चुनौतियाँ, फिटनेस यात्रा और निजी विचार भी देखते हैं। यह नज़दीकी विश्वास पैदा करती है—और विश्वास से प्रभाव जन्म लेता है।

जब कोई इन्फ्लुएंसर किसी किताब, वर्कआउटरूटीन या समसामयिक मुद्दे पर अपनी राय देता है, तो लोग उसे गंभीरता से सुनते हैं। धीरे-धीरे ये आवाज़ें अनौपचारिक मार्गदर्शक बन जाती हैं, जो जीवनशैली, ख़रीदारी और सोच पर असर डालती हैं।

**सफलता और सुंदरता की नई परिभाषा**

कई वर्षों तक पत्रिकाओं और टीवी ने सुंदरता और सफलता के सीमित मानदंड तय किए। आज इन्फ्लुएंसर्स उन परिभाषाओं को बदल रहे हैं—और कभी-कभी उन्हें और जटिल भी बना रहे हैं।

एक ओर, कई क्रिएटर्सबॉडीपॉज़िटिविटी, सांस्कृतिक विविधता और मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात कर रहे हैं। वे पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देते हैं और लोगों को अपनी पहचान स्वीकार करने के लिए प्रेरित करते हैं। दूसरी ओर, फ़िल्टर की गई तस्वीरें और सजी-संवरी ज़िंदगी अवास्तविक उम्मीदें भी पैदा कर सकती हैं। खासकर युवाओं के लिए, लगातार तुलना आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है।

**इस प्रभाव के दो पहलू हैं—प्रेरणा भी, दबाव भी।**

**पल भर में बदलते ट्रेंड्स**

इन्फ्लुएंसर्स ने सांस्कृतिक बदलाव की रफ्तार तेज कर दी है। एक वायरलवीडियो किसी छोटे व्यवसाय को रातों-रात मशहूर बना सकता है। फैशन, भाषा, संगीत और खान-पान की आदतें तेज़ी से बदलती हैं। इस प्रकार, सोशल मीडिया केवल संस्कृति का प्रतिबिंब नहीं है—यह स्वयं संस्कृति का निर्माण भी कर रहा है।

**प्रभाव का व्यवसाय :** इन्फ्लुएंसिंग अब एक बड़ा उद्योग बन चुका है। ब्रांड्स अपने लक्षित दर्शकों तक पहुँचने के लिए इन्फ्लुएंसर्स के साथ साझेदारी करते हैं। प्रायोजित पोस्ट, विज्ञापन और सहयोग के माध्यम से यह एक पेशा बन गया है। लेकिन इससे पारदर्शिता और नैतिकता के सवाल भी उठते हैं। व्यक्तिगत सलाह और भुगतान किए गए प्रचार के बीच अंतर हमेशा स्पष्ट नहीं होता। और जब भरोसा टूटता है, तो उसे वापस पाना आसान नहीं होता।

**स्क्रीन से आकार लेती पीढ़ी**

आज की पीढ़ी एक ऐसे दौर में बड़ी हो रही है जहाँ पहचान का एक हिस्सा ऑनलाइन बनता है। इन्फ्लुएंसर्स यह तय कर सकते हैं कि कौन-सा करियर आकर्षक लगता है, कौन-सी जीवनशैली सफल मानी जाती है और कौन-सी राय लोकप्रिय है।

फिर भी, दर्शक पूरी तरह निष्क्रिय नहीं हैं। डिजिटल साक्षरता—यानी जानकारी को परखने और समझने की क्षमता—बहुत आवश्यक है। संतुलित दृष्टिकोण अपनाना और विविध विचारों को सुनना हमें स्वतंत्र सोच बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**भविष्य की दिशा**

सोशलइन्फ्लुएंसर्स कोई अस्थायी ट्रेंड नहीं हैं। वे संचार की बदलती दुनिया का प्रतीक हैं, जहाँ प्रभाव अब केवल संस्थानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यक्तिगत और संवादात्मक हो गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर को 100वीं जयंती पर किया नमन, महिला आश्रम कॉलेज परिसर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर ने जो सेवा की, वह आज इतिहास में दर्ज है : दिग्विजय सिंह





**भीलवाड़ा (विराट वैभव)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं असम के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय शिवचरण माथुर की 100वीं जयंती पर शनिवार को महिला आश्रम कॉलेज परिसर स्थित मूर्ति स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं भीलवाड़ा देहात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामलाल जाट, हगामी लाल मेवाड़ा, महिला आश्रम संस्था के अध्यक्ष विष्णु माथुर, संस्था की सचिव वंदना माथुर, संस्था की डायरेक्टर विभा माथुर, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष कैलाश व्यास एवं अक्षय त्रिपाठी ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें स्वर्गीय शिवचरण माथुर की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में यहां आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए स्वर्गीय शिवचरण माथुर ने राजस्थान की जो सेवा की, वह आज इतिहास में दर्ज है। उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में जो मील का पत्थर स्थापित किया, उसका उदाहरण महिला आश्रम जैसे संस्थान हैं, जहां छात्राएं केजी में प्रवेश लेकर डिग्री एवं तकनीकी कोर्स पूर्ण कर आगे बढ़ती हैं। संस्था की सचिव वंदना माथुर ने बताया कि स्वर्गीय माथुर साहब का जन्म 14 फरवरी 1926 को मध्यप्रदेश के गुना जिले के छोटे से गांव मढ़ी कानूनगो में हुआ था। विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने माणिक्यलाल वर्मा के साथ रहकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। आजादी के बाद उन्होंने नगरपालिका चेयरमैन से लेकर सांसद, दो बार राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा असम के राज्यपाल तक का सफर तय किया। संस्था की डायरेक्टर विभा माथुर ने बताया कि माथुर साहब सदैव नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक रहे तथा उन्होंने कुरीतियों एवं सामाजिक बुराइयों का विरोध किया। उनके कार्यकाल में कई बांधों का निर्माण हुआ, बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, रेलवे लाइन का विस्तार हुआ, डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिला तथा भीलवाड़ा को टेक्सटाइल सिटी बनाने में उनका विशेष योगदान रहा। उन्होंने शिक्षा जगत को भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदान कीं। वे सदैव देश एवं प्रदेश की उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहे। महिला आश्रम संस्था को विकसित एवं सशक्त बनाने में उनका विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व होना चाहिए कि वे ऐसे संस्थान में अध्ययन कर रही हैं, जिसकी स्थापना आजादी से पूर्व हुई थी। स्वर्गीय शिवचरण माथुर को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि महिला आश्रम की छात्राएं आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संस्था की सभी प्रवृत्तियों के प्रधान, स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# माता जी बालक की प्रथम गुरू होती है : रामभक्त



## भागवताचार्य का किया सम्मान

**भरतपुर (विराट वैभव)।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में सुभाष नगर कोलोनी भरतपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक भगवानदास श्रीराम भक्त ने बताया कि बालक को जन्म देने वाली माता ही बालक की प्रथम गुरू होती है अर्थात खिलौन का सांचा टेडा, मेडा, खराब होता तो खिलौना भी वैसा ही बनेगा। इसी प्रकार माताओं को देवकी की तरह तपस्वी, संयमित जीवन, सेवाभाव, सरल स्वभाव एवं संस्कारवान होना चाहिये। कंस द्वारा कन्यावध का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने कन्याभ्रूण हत्या की अनेक तरह से विवेचना करते हुए आलोचना की और कहा डॉक्टरों को इस कुकृत्य के लिए दंड तो मिलेगा ही साथ ही मनुष्य की स्थिति कंस की तरह राक्षसी हो जायेगी और निकट भविष्य में लडकों को सडकों, होटलों, आश्रमों की शरण लेनी होगी। उन्होंने ''भगवान तुम्हारे दर्शन को एक दरश भिखारी आया है'' भजन सुनाया। भागवताचार्य का शॉल, पटका, माला एवं प्रतीक चिंह देकर सम्मान आज विशेष रूप से पधारे भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा संरक्षक मोहन मित्तल, विष्णु लोहिया, विनोद मेडीकल एवं आलोक बंसल ने किया एवं महाआरती की इनके अलावा चतुर्भुज प्रसाद एवं श्रीमति मिथलेश कुमारी अग्रवाल, सुभाष विंदल, गजेन्द्र सिंह, शिव कुमार, हितेश कुमार, खूवीराम शर्मा, श्रीमति मनीषा, श्रीमति कंचन, सुरेश मित्तल आढतिया आदि ने की।

# महाशिवरात्रि पर फूलों से बने 10 फीट ऊंचे शिवलिंग ने मोहा मन, फ्लावर शो में उमड़ा जनसैलाब



**भरतपुर, (विराट वैभव)।** भरतपुर स्थापना के 293वें दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं लोहागढ़ विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हरित बृज सोसायटी द्वारा विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में लगाए गए भव्य फ्लावर शो में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोसायटी द्वारा दस फीट ऊंचे फूलों से निर्मित आकर्षक शिवलिंग ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर 'जय भोले' के जयकारों से पूरे पार्क को भक्तिमय वातावरण में गुंजायमान कर दिया।

सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक पाराशर, उपाध्यक्ष सुनीता पांडे, सचिव सतेन्द्र यादव एवं संयोजक विकास मित्तल ने पधारे मुख्य अतिथियों—संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, माधुरी भारद्वाज (अपनाघर), डॉ. धीरेन्द्र गोधारा एवं बृजेश चतुर्वेदी (एडवोकेट)—का स्वागत कर फ्लावर शो की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि फ्लावर शो के दौरान डॉ. उदयभान सिंह, डीन कृषि महाविद्यालय द्वारा बोनसाई पौधों पर कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने बोनसाई निर्माण की तकनीक, देखभाल एवं इसके सौंदर्यात्मक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, जिसे उपस्थित उद्यान प्रेमियों ने सराहा।

***ये रहे विजेता***

प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. संगीता चतुर्वेदी ने बताया कि ट्रे गार्डेनिंग प्रतियोगिता में एकता अग्रवाल ने प्रथम, सीमा सिंघल ने द्वितीय तथा सुनीता सिंघल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता में शैली जैन प्रथम, राधिका द्वितीय एवं इशिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं।

पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में निधि कुमारी ने प्रथम एवं परख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में दिव्या प्रथम, वात्सल द्वितीय तथा दिवेश तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिताओं की प्रभारी डॉ. कमलेश ने अपनी सहयोगी टीम डॉ. करुणा गौर, सीमा मित्तल, दीप्ति अग्रवाल, अर्चना सिंह, शकुन सोनी एवं तृप्ति गर्ग के साथ सभी निर्णायकों का स्वागत कर निष्पक्ष निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन शीलम सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। आयोजन की सफलता में अवनीश शर्मा, ओ.पी. माहेश्वरी, अरुण जैन, दीपक शर्मा, तुलसीराम शर्मा, हिमांशु सारस्वत, अमित, जितेन्द्र सिंह, दीनदयाल सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# वीर बलिदानी सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**भरतपुर (विराट वैभव)।** फरवरी को सर्व समाज महासभा द्वारा किले में स्थित शहीद स्मारक पर पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए वीर बलिदानी सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किए तथा 'भारत माता की जय' और 'अमर शहीद अमर रहें' के जयघोष लगाए। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महासचिव अनिल भारद्वाज, सचिव कृष्णकांत शर्मा, संगठन मंत्री गौरव पाराशर, डॉ. देवेंद्र भारद्वाज, सुभनेष पाराशर, प्रमोद अग्रवाल, रणजीत सिंह, गोविंद दुबे, महिला मंत्री सरोज शर्मा, सृजना चौधरी, केशव देव शर्मा,गीतम शर्मा एवं अनिल शर्मा ,वीरू सोगर, संजय सोगर,टीटू महावर सहित सर्व समाज महासभा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने कहा, 'शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा का अमर प्रतीक है, जिसे देश कभी भुला नहीं सकता।

महासचिव अनिल भारद्वाज ने कहा, 'राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा और संकल्प का स्रोत है। 'सर्व समाज महासभा ने शहीदों के प्रति कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से शत-शत नमन किया।

# भाविप का तीन दिवसीय विकलांग सहायता शिविर 22 से

**चित्तौड़गढ़ (विराट वैभव)।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आगामी 22 से 24 फरवरी तक तीन दिवसीय विकंलाग सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उसी को आगे बढ़ाते हुए रविवार महाशिवरात्रि पर्व पर सांसद सी पी जोशी द्वारा पोस्टर का पांचवां विमोचन करवाया गया। साथ ही पूर्व में हुए दिव्यांग शिविर के सफल आयोजन की यादगार ताजा की गई एंव इस बार भी सफल आयोजन की अग्रिम शुभकामनाएं दी। भारत विकास परिषद शाखा शहर को विकलांग मुक्त करने हेतु अपने अभियान की ओर निरंतर अग्रणी है, जिनके हाथ नहीं है उन्हें कृत्रिम हाथ व जिनके पांव नहीं है उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विकलांग शिविर को सफल बनाने हेतु दृढ़संकल्पित है। पांचवां विमोचन के समय रीजनल संयोजक कमल जैन, बाल कृष्ण धूत, नवीन वर्डिया, बृजेश मोदानी, नरेंद्र कुमार जोशी उपस्थित रहे।

# जीतो भीलवाड़ा लेडीज विंग की पहल से हुआ महिलाओं में ऊर्जा, आत्मविश्वास और एकता का संचार

## फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश बना जस्ट ट्रेक दृ ए हेल्दी ब्रेक




**भीलवाड़ा (विराट वैभव)।** जीतो भीलवाड़ा लेडीज़ विंग द्वारा कम्युनिटी कनेक्ट पहल के अंतर्गत स्मृति वन, हरनी महादेव रोड पर आयोजित 'जस्ट ट्रेक- ए हेल्दी ब्रेक' ट्रेकिंग कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस,आत्मविश्वास और सकारात्मक जीवनशैली का प्रेरक संदेश दिया। रविवार प्रातः 6.30 से 8.30 बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्यवर्धक गतिविधि ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्राकृतिक वातावरण की हरियाली और स्वच्छ हवा के बीच आयोजित इस ट्रेकिंग कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को दैनिक दिनचर्या की व्यस्तता से दूर मानसिक शांति और तनाव मुक्ति का अनुभव किया ओर जीवनशैली अपनाने के संकल्प को मजबूत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संगीता काबरा ने की, जबकि आशीष चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेक की शुरुआत कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। जीतो लेडीज़ विंग की चेयरपर्सन नीता बाबेल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मबल और सामाजिक जुड़ाव को सुदृढ़ करते हैं। चेयरपर्सन नीता बाबेल ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक रूप से सक्रिय, मानसिक रूप से सशक्त तथा आत्मविश्वासी बनाना है। उन्होंने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियाँ स्वस्थ शरीर के साथ सकारात्मक सोच और संतुलित जीवन दृष्टि को भी विकसित करती हैं। सदस्यों ने इस ट्रेक को प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी सौहार्द, टीमवर्क और संगठनात्मक एकता को मजबूत करते हैं तथा स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। ट्रेक का संचालन प्रशिक्षक प्रकाश दोसाया एवं सिद्धार्थ राठौड़ द्वारा सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से किया गया। इस अवसर पर जीतो चेयरपर्सन मीठालाल सिंघवी, कन्वीनर महेंद्र नाहर, ललित बाबेल, नरेंद्र पोखरना, रवि जैन, कमल सोनी, स्पोर्ट्स कन्वीनर स्वीटी नैनावटी, को-कन्वीनर अंकिता भूरा, वाइस चेयरपर्सन नीतू चोरड़िया, सचिव अमिता बाबेल सहित सुलेखा सिसोदिया, किरण चौरड़िया, वनिता बाबेल, अनुभा लोढ़ा, रजनी सिंघवी, सोनल मेहता, संध्या पामेचा, अनीता सिंघवी, सुमता जैन, दीपिका पाटनी, वीणा मोदी, कृष्णा लढा, मंजू झामड़, आकांशा जैन, मंजू मारू, प्रीति पोखरना, सुनीता गुप्ता, लक्ष्मी, अलका, अंकिता, कृष्णा, लता, महेश, राहुल कोठारी, विक्रम राठौड़ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री राम मण्डल सेवा संस्थान द्वारा फाल्गुन उत्सव की शुरुआत, फूलो के साथ खेली होली

## चंग पर सुन्दर काण्ड पाठ के साथ होली की धमाल की दी प्रस्तुतियां, नाचने पर मजबूर हुए श्रोता



**भीलवाड़ा (विराट वैभव)।** श्रीराम मण्डल सेवा संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पर्व को लेकर द्वारिका कॉलोनी पांसल रोड पर फाल्गुन उत्सव की शुरुआत की। सबसे पहले राम दरबार के चित्र के आगे संस्था अध्यक्ष शान्ति प्रकाश मोहता, आयोजक सुरेन्द्र सुथार ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। चंग पर सुन्दरकाण्ड की चोपाइया पड़ी गई व होली की धमालें गाई गई। शेखावाटी के कलाकार राजपाल ढाका के नेतृत्व में चंग वादन में बनवारी माली, प्रहलाद शर्मा, सुरेश चौधरी, लक्ष्मण सिंह शेखावत, वासुदेव चारण, यशवन्त खटोड, राम कुमार शर्मा, प्रताप चौधरी आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। गायक मंगलचंद मिश्रा, भंवर पारीक, किशन चौधरी, संजय पारीक, जयश पारीक, अभिषेक शर्मा, निलेश पारीक, पंकज पंचोली, लोकेश कुदाल आदि ने होली की धमाल गांजो पीले रे सदा रे शिव भोला अमली, पग्ल्यारी पायल भिझे हातारो चुडलो रंग मत डाले रे सांवरिया मारो गुर्जर मारे रे, मन्दिर बंग्यो रे राजा राम को धाम अयोध्या में, नेणा निचा करले रे श्याम से मिलादे भिखाई आदि धमालो पर अपनी प्रस्तुति दी, सभी श्रोताओ को नाचने पर मजबूर कर दिया, फूलो के साथ होली खेली गई। विभिन कलाकारों ने सांग बनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के मुकेश वर्मा, हनुमान परिहार, चैन सिंह चौहान, सुरेश शर्मा, अमित पारीक, मोहन चौधरी, आशीष खेतान, लक्की सैनी, दिनेश लखोटिया आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में संस्था अध्यक्ष शान्ति प्रकाश मोहता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नवोदित गायक कलाकारों का किया सम्मान

**चित्तौड़गढ़ (विराट वैभव)।** युवा लोक कला संस्थान की बैठक आयोजित हुई जिसमें पिछले दिनों सफल रहे एक शाम लता मंगेशकर के नाम की समीक्षा करते हुए सदस्यों ने अपने विचार रखे। संस्थान संरक्षक हेमंत सुहालका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुहालका ने कहा कि टीम वर्क और सदस्यों की मेहनत से कार्यक्रम यादगार रहा। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं द्वारा कार्यक्रम सफल बनाने की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहली बार प्रस्तुति देने वाली पांच नवोदित कलाकार गायिका दक्षिणा जैन, ईशा अमरवाल, अक्षिता कुमावत, डिम्पल पंवार और सोनम छीपा का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ एकल गायन के लिए राजकुमार सोनी, सोनम छीपा, संतोष मल्होत्रा, ईशा कंवर, रेशम भोजवानी, युगल के रूप में दिलदार ख़ान और संध्या प्रजापत, पद्मेश और निर्मला नाराणीवाल आदि को भी सदस्यों ने बधाई देकर सम्मानित किया। बैठक में के के शर्मा, डॉ रमेश राव शिंदे, प्रहलाद पाराशर, कैलाश चंद्र लोट, श्याम सुंदर व्यास, अफ़ज़ल ख़ान, लक्की सिद्दीकी, पुरु पुगलिया सहित सदस्य उपस्थित थे। बैठक में संस्थान द्वारा आगामी दिनों में आयोजित करने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया।

SUPREME HOME LOANS
सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
रजि. ऑफिस :- दूसरी मंजिल, हर्षा भवन, 13/29, ई-ब्लॉक, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001
CIN: U67190DL2014PLC272457 टेलीफोन नंबर: +9111-41323147
ईमेल : customercare@supremehomeloans.com वेबसाइट : www.supremehomeloans.com

सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 दिनांक 28 नवंबर, 2025 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की वह शाखा कार्यालय जो **जयपुर रोड, बाईपास तिराहा, ज्योति नगर, दौसा (ग्रामीण), दौसा, राजस्थान - 303303 में स्थित** है, 20 मई, 2026 को कार्य समय समाप्त होने के बाद बंद कर दिया जाएगा, क्योंकि इसका संचालन पास के ही एक शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है जो **प्रथम मंजिल, विस्तार फाइनेंस के पास, वन विभाग की चौकी के सामने, टोंक रोड, निवाई, राजस्थान - 304021** में स्थित है। यदि किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो आप उल्लिखित निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या ईमेल भेज सकते हैं- customercare@supremehomeloans.com. यह सूचना कंपनी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है (www.supremehomeloans.com).

तारीख: 16.02.2026
फॉर एंड ओन बेहल्फ़ ऑफ सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ताक्षर/- नेहा भाटिया कंपनी सचिव

SUPREME HOME LOANS
सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
रजि. ऑफिस :- दूसरी मंजिल, हर्षा भवन, 13/29, ई-ब्लॉक, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001
CIN: U67190DL2014PLC272457 टेलीफोन नंबर: +9111-41323147
ईमेल: customercare@supremehomeloans.com वेबसाइट: www.supremehomeloans.com

सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 दिनांक 28 नवंबर, 2025 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की शाखा कार्यालय, जो **प्रथम मंजिल, बीएसएनएल कार्यालय के सामने, ईदगाह कॉलोनी, हॉस्पिटल रोड, बारां, राजस्थान 325205** में स्थित है, 20 मई, 2026 को कार्य समय समाप्त होने के बाद बंद कर दिया जाएगा, क्योंकि इसका संचालन निकटवर्ती शाखा कार्यालय, **प्रथम मंजिल, श्री नाथ चैंबर्स, 11-ए, न्यू ग्रेन मंडी, कोटा, राजस्थान 324007** में स्थानांतरित किया जा रहा है। यदि किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो आप उल्लिखित निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या ईमेल भेज सकते हैं- customercare@supremehomeloans.com. यह सूचना कंपनी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है (www.supremehomeloans.com).

तारीख: 16.02.2026
फॉर एंड ओन बेहल्फ़ ऑफ सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ताक्षर/- नेहा भाटिया कंपनी सचिव

SUPREME HOME LOANS
सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
रजि. ऑफिस :- दूसरी मंजिल, हर्षा भवन, 13/29, ई-ब्लॉक, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001
CIN: U67190DL2014PLC272457 टेलीफोन नंबर: +9111-41323147
ईमेल : customercare@supremehomeloans.com वेबसाइट: www.supremehomeloans.com

सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 दिनांक 28 नवंबर, 2025 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की शाखा, जो **2-AIR रोड, महाराणा प्रताप कॉलोनी, मंटाउन, सवाई माधोपुर, राजस्थान - 322001** में स्थित है, 20 मई, 2026 को कार्य समय समाप्त होने के बाद बंद कर दी जाएगी, क्योंकि इसका संचालन निकटवर्ती शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है, जो कि **पहली मंजिल, विस्तार फाइनेंस के पास, वन विभाग की चौकी के सामने, , टोंक रोड, निवाई, राजस्थान - 304021** में स्थित है। यदि किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो आप उल्लिखित निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या ईमेल भेज सकते हैं- customercare@supremehomeloans.com. यह सूचना कंपनी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है (www.supremehomeloans.com).

तारीख: 16.02.2026
फॉर एंड ओन बेहल्फ़ ऑफ सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
हस्ताक्षर/- नेहा भाटिया कंपनी सचिव